# बिहार सरकार
## सामान्य प्रशासन विभाग

### संकल्प

**विषयः– बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का SPARROW System के तहत पी०ए०आर० ई०–फाईलिंग (PAR e-Filing) हेतु प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी के निर्धारण के संबंध में।**

बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का ससमय कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन आलेखन हेतु विभागीय संख्या–16389 दिनांक–14.12.2018 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के प्रभाव से SPARROW System के अंतर्गत पी०ए०आर० ई०–फाईलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है।

2. SPARROW System के तहत बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन आलेखन हेतु विभागीय संकल्प ज्ञापांक–8530 दिनांक–26.06.2019 द्वारा प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी का निर्धारण किया गया है।

3. विभागीय संकल्प संख्या–8530 दिनांक–26.06.2019 के क्रम में SPARROW System के तहत e-PAR आलेखन हेतु निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ–2 में अंकित बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए स्तम्भ–3, 4 एवं 5 में अंकित पदाधिकारियों को क्रमशः प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी निर्धारित किया जाता है:–

| क्र० सं० | पदाधिकारी का स्तर | प्रतिवेदक पदाधिकारी | समीक्षी पदाधिकारी | स्वीकरण पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बन्दोबस्त पदाधिकारी (बि०प्र०से०) | निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग |
| 2 | नगर आयुक्त (बि०प्र०से०) | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग | अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग |
| 3 | बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना में पदस्थापित/ प्रतिनियुक्त पदाधिकारी (बि०प्र०से०) | उपाध्यक्ष, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना | उपाध्यक्ष, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना | उपाध्यक्ष, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | नगर निगम में कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित बि0प्र0से0 के पदाधिकारी | आयुक्त, नगर निगम | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग |

4. वैसे मामले, जिनमें प्रतिवेदक, समीक्षी अथवा प्रतिवेदित पदाधिकारी सेवानिवृत हो रहे हैं, उन मामलों में भी SPARROW System के तहत कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन का आलेखन किया जा सकेगा और ऐसे मामलों में आलेखन सेवानिवृत्ति के समय या सेवानिवृत्ति के एक माह के अन्दर किया जा सकेगा।

5. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का वार्षिक गोपनीय अभियुक्ति/कार्य निष्पादन मूल्यांकन के संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा पूर्व में निर्गत संकल्प/परिपत्र/अनुदेश तथा आदेश यथा–उपर्युक्त संशोधित समझा जाय।

**आदेश**– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/
(रविन्द्र नाथ चौधरी)
सरकार के उप सचिव।

**ज्ञापांक– सी0आर0को0–104/2019–सा0प्र0/**..................दिनांक–..................

**प्रतिलिपिः**– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/
सरकार के उप सचिव।

**ज्ञापांक– सी0आर0को0–104/2019–सा0प्र0/**..11392....दिनांक–15.6.23

**प्रतिलिपिः**– प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना/उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, बिहार, पटना/ मुख्य सचिव के आप्त सचिव, बिहार, पटना/ विकास आयुक्त, बिहार, पटना/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/पुलिस महानिदेशक, बिहार/सभी प्रमंडलय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सचिव, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार, पटना/ आई0टी0 प्रबंधक, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु/सभी विभागीय पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/06/2023
सरकार के उप सचिव।